# शपथ गहण समारोह में
# श्री चरण सिंह द्वारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ग्रहण

मैं, चरण सिंह ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि मैं विधि द्वारा स्थापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूंगा। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता अक्षुण रखूंगा, संघ के मंत्री के रूप में, अपने कर्तव्यों का श्रद्धापूर्वक और शुद्ध अन्तःकरण से निर्वहन करूँगा तथा भय या पक्षपात, अनुराग या द्वेष के बिना मैं सब प्रकार के लोगों के प्रति संविधान और विधि के अनुसार न्याय करूँगा।

मैं, चरण सिंह ईश्वर की शपथ लेता हूँ कि जो विषय संघ के मंत्री के रूप में मेरे विचार के लिए लाया जायेगा अथवा मुझे ज्ञात होगा, उसे किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को, उस अवस्था को छोड़कर जबकि ऐसे मंत्री के रूप में अपने कर्तव्यों के उचित निर्वहन के लिए ऐसा करना अपेक्षित हो, अन्य अवस्था में, मैं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से संसूचित या प्रकट नहीं करूँगा।

——————————000——————————